एक नजर में

स्वच्छता अभियान के तहत वनमंडल अधिकारी ने किया श्रमदान

ग्वालियर, 24 दिसंबर। आज वनमंडल अधिकारी, सामाजिक वानिकी वृत्त ग्वालियर के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान लाइफ मिशन 2025-26 के तहत श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वृत्त कार्यालय तथा तपोवन नर्सरी इकाई ग्वालियर के समस्त स्टाफ द्वारा वृत कार्यालय परिसर के आसपास श्रमदान कर साफ सफाई की गई। श्रमदान के दौरान परिसर के आसपास लगे हुए नीम, पीपल, बरगद, इमली, बेल इत्यादि प्रजातियों के पेड़ों के थाले बनाए गए। कार्यक्रम के दौरान डीएफओ मीना अवधेश कुमार, एसडीओ सुरेश कुमार, व.वि.अ. इकाई ग्वालियर सपना पाठक सहित कुल 60 लोगों द्वारा श्रमदान किया गया। डीएफओ द्वारा कार्यक्रम के दौरान विद्युत एवं जल संरक्षण, पर्यावरण के प्रति प्रेम इत्यादि से संबंधित मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसडीओ द्वारा समस्त स्टाफ को लाइफ मिशन कार्यक्रम के बारे में बताया गया तथा निरंतर साफ सफाई बनाए रखने हेतु अपील की गई।

अंचल के विकास को मिलेगी नई रफ़्तार : दीपक माँझी

ग्वालियर, 24 दिसंबर। देश के गृह मंत्री अमित शाह के ग्वालियर आगमन को लेकर शहर में भारी उत्साह देखा जा रहा है। वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद दीपक माझी अपनी टीम के साथ भव्य स्वागत की तैयारियों में जुटे हुए हैं। तैयारियों का जायजा लेते हुए पार्षद माझी ने कहा कि गृह मंत्री का यह दौरा ग्वालियर-चंबल अंचल के लिए प्रगति के नए द्वार खोलेगा। पार्षद माझी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर शाह के भव्य स्वागत की रणनीति बनाई है ताकि ग्वालियर की धरती पर गृह मंत्री का अभिनंदन ऐतिहासिक हो। पार्षद दीपक माझी ने चर्चा के दौरान बताया कि गृह मंत्री अपने इस दौरे में ग्वालियर को करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से ग्वालियर एक आधुनिक महानगर के रूप में उभर रहा है। दीपक माझी ने अंचल में हो रहे कार्यों का श्रेय वरिष्ठ नेतृत्व को देते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से ग्वालियर के विकास ने लंबी छलांग लगाई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल मार्गदर्शन में जनहितकारी योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के क्षेत्रीय विकास और बिजली सुधार कार्यों ने आम जनमानस को बड़ी राहत दी है। अमित शाह का आगमन हमारे लिए गर्व का विषय है।

बुजुर्ग को लिफ्ट देकर उनकी जेब से निकाल ली सोने की चूड़ियां

ग्वालियर, 24 दिसंबर। अपनी बेटी के घर देने सोने की चार चूड़ियां लेकर निकले बुजुर्ग को लिफ्ट देकर दो बदमाशों ने ठग लिया। बुजुर्ग ऑटो के इंतजार में पिंटो पार्क स्थित सब्जी मंडी के पास खड़े थे, उसी समय बाइक सवारों के झांसे में आकर उनकी गाड़ी पर बैठ गए। रास्ते में बदमाशों ने पेंट की जेब काटकर उसमें रखी सोने की चूड़ियां गायब कर दीं। घटना गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में पिंटो पार्क से जड़ेरुआ के बीच की है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। प्रहलाद सिंह तोमर निवासी भजपुरा पोरसा जिला मुरैना अपनी बेटी रेनू सिकरवार जो कि सूर्य विहार कॉलोनी में रहती हैं के घर जाने के लिए निकले थे। सोने की चार चूड़ियां भी उनके पास थीं जो पेंट की अंदर की जेब में रख ली थीं। प्रहलाद सिंह तोमर ऑटो के इंतजार में पिंटो पार्क सब्जी मंडी के पास खड़े थे, उसी समय बाइक पर सवार दो युवक उनके पास पहुंचे और पूछा कि दादा कहां जाना है। बाइक सवारों को प्रहलाद सिंह ने बताया कि सूर्य विहार कॉलोनी जाना है। दोनों युवकों ने कहा कि वह भी सूर्य विहार कॉलोनी जा रहे हैं आपको भी वहां छोड़ देंगे। प्रहलाद सिंह दोनों युवकों की बातों में आ गए और बाइक पर बीच में बैठ गए। बाइक सवार ठगों ने प्रहलाद सिंह तोमर को जड़ेरुआ गेट पर उतारा और वहां से रफूचक्कर हो गए। बुजुर्ग प्रहलाद सिंह जब बाइक से नीचे उतरे और अपनी पेंट की अंदर की जेब चैक की तो वह कटी हुई मिली तथा उसमें रखीं सोने की चूड़ियां भी गायब थीं। चूड़ियां गायब होने की बात पता चलते ही वह सीधे गोला का मंदिर थाने पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। बुजुर्ग के साथ दिनदाहड़े इस तरह की वारदात होने का पता चलते ही पुलिस सक्रिय हुई और रास्ते में जहां-जहां सीसीटीवी लगे थे उनकी फुटेज चेक की। पुलिस का कहना है कि बुजुर्ग की जेब काटकर उसमें रखी सोने की चूड़ियां गायब करने वालों के बारे में कुछ क्लू मिला है। जल्द ही बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा।

रोड एक्सीडेंट में दो जवानों की मौत, 4 घायल

ग्वालियर, 24 दिसंबर।-आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह एक एम्बुलेंस खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में एम्बुलेंस में सवार भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के दो जवानों की मौत हो गई। जवान राजू बाल्मीकि की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे जवान ने दोपहर में अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में मृतक की पत्नी सहित चार जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना घाटीगांव वन चौकी के पास हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने जांच के बाद ट्रक को जब्त कर लिया है। एमपी के शिवपुरी से बीमार जवानों को एम्बुलेंस में लेकर आईटीबीपी (इंडियन-तिब्बत बॉर्डर फोर्स) के कुछ जवान ग्वालियर आ रहे थे। एम्बुलेंस चालक तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था। बुधवार सुबह जैसे ही एम्बुलेंस वन चौकी घाटीगांव के सामने पहुंची, वह हाईवे पर खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां आईटीबीपी के 40 वर्षीय जवान राजू बाल्मीकि को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में राजू की पत्नी 35 वर्षीय सविता, 36 वर्षीय मनोज पुत्र विनोद कुमार शर्मा, 35 वर्षीय रामकिशोर पुत्र बलराम कुशवाहा, 35 वर्षीय विमल खंगार और 34 वर्षीय दिनेश जाटव घायल हो गए। सभी घायलों को जेएएच के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान बुधवार शाम को घायल जवान मनोज शर्मा ने भी दम तोड़ दिया। एम्बुलेंस में सवार सभी पांच जवान अलग-अलग कारणों से बीमार थे। सभी को शिवपुरी से ग्वालियर इलाज के लिए भेजा जा रहा था। पर हाईवे पर एम्बुलेंस चालक की रफ्तार के चलते यह हादसा हुआ। दो की मौत हो चुकी है और शेष चार की हालत गंभीर बनी हुई है।

टूटी सड़कों को लेकर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, नगर निगम-सरकार पर लगाए लापरवाही के आरोप

ग्वालियर। एक तरफ देश के गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज ग्वालियर पहुंचने वाले हैं तो दूसरी और कांग्रेस ने शहर की टूटी सड़कों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेसी हाथों में तसले फावडे लेकर सचिन तेंदुलकर मार्ग पर सड़क बनाने जा पहुंचे और जोरदार नारेबाजी करते हुए सिर पर तसले रखकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता सुनील शर्मा, जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, वीर सिंह तोमर के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल थे। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि ग्वालियर की सड़कों की हालत बेहद खराब है.

शशिकांत शर्मा को दी विनम्र श्रद्धांजलि



ग्वालियर 24 दिसंबर. ग्वालियर के थाना गोला का मंदिर में पदस्थ प्रधान आरक्षक शशिकांत शर्मा निवासी पिंडौरा का हृदय गति रुक जाने के कारण अकस्मात निधन हो गया. उनका स्नेह, मार्गदर्शन और सरल स्वभाव सदैव स्मृतियों में जीवित रहेगा। उनके मित्रों ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें.

कांग्रेस ने मप्र को गड्ढे में डाला : सिंधिया

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 24 दिसंबर. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यहां एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को एक ऐसा कुशल राजनीतिज्ञ और राष्ट्रव्यापी विचारधारा का प्रतीक बताया, जिनके कण-कण में देश के प्रति समर्पित भाव था। उन्होंने कहा कि वाजपेयी एक सच्चे दिल के इंसान थे और उन्होंने अटलजी और अपनी दादी राजमाता सिंधिया के दिखाए पथ पर चलने का संकल्प लिया है।

सिंधिया से जब ग्वालियर की खराब सड़कों को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इतने सालों तक मध्य प्रदेश को गड्ढे में डाल दिया जिसकी भरपाई वह जीवनभर भी नहीं कर पाएगी। उन्होंने मध्य प्रदेश की वर्तमान स्थिति की तुलना 20-25 साल पहले की

अटलजी को कुशल राजनीतिज्ञ और राष्ट्रव्यापी विचारधारा का प्रतीक बताया

स्थिति से करते हुए कहा कि अब जमीन-आसमान का फर्क आ चुका है। सिंधिया ने मुख्यमंत्री मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में आए विशाल और क्रांतिकारी परिवर्तन की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन देश की विकास और प्रगति में अपना संपूर्ण योगदान दे रहा है।

सिंधिया ने एमपी अभ्युदय समिट को लेकर कहा कि 2000 करोड़ से ज्यादा के निवेश की घोषणाएं सिर्फ कागजों तक नहीं रहेंगी बल्कि साकार रूप में पूरे प्रदेश के लिए होंगी। यह एक नया मध्य प्रदेश है। ऐसा प्रदेश जो किसानों, नौजवानों और हर एक व्यक्ति के लिए विकास और प्रगति लाने वाला है।

सिंधिया ने कहा कि मैं और सीएम मिलकर ग्वालियर को नया रूप देने के लिए संकल्पित हैं।

व्यापार मेला का शुभारंभ आज

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 24 दिसम्बर. ग्वालियर व्यापार मेले का औपचारिक शुभारंभ आज गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा किया जाएगा। हालात यह हैं कि उद्घाटन समारोह से पहले प्रदर्शनी सेक्टर में सन्नाटा पसरा हुआ है। किसी भी एक विभाग की प्रदर्शनी अब तक आकार नहीं ले सकी है। तय समय-सीमा के बावजूद अधिकांश प्रदर्शनियां तैयार नहीं हो सकी हैं। वहीं कल गुरुवार को क्रिसमस की छुट्टी होने के कारण मेले में शाम को भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसको लेकर झूला संचालक और स्टॉल संचालक तैयारियां पूर्ण कर ली है बताया गया है कि विभिन्न सरकारी विभागों की प्रदर्शनियों को 25 दिसंबर से पहले तैयार हो जाना था, ताकि उद्घाटन के साथ ही दर्शक उन्हें देख सकें। लेकिन स्थिति यह है कि अभी तक प्रदर्शनी सेक्टर में सिर्फ प्लाई का ढांचा बना दिया है मॉडल और तकनीकी सेटअप का काम बाकी है।

मौजूदा हालात को देखते हुए प्रदर्शनियों को पूरी तरह तैयार होने में एक सप्ताह से अधिक का समय लग सकता है। ऐसे में उद्घाटन के बाद भी शुरुआती दिनों में दर्शकों को प्रदर्शनी सेक्टर में अपेक्षित गतिविधियां देखने को नहीं मिलेंगी। वहीं अधिकारियों का कहना है कि अगले कुछ दिनों में प्रदर्शनी सेक्टर में भी पूरा कर लिया जाएगा और दर्शकों को आकर्षक प्रदर्शनियां देखने को मिलेंगी।

दुकानों में दिखी रौनक, सजावट का काम जारी- जहां एक ओर प्रदर्शनी सेक्टर में सुस्ती नजर आ रही है। वहीं दूसरी ओर व्यापारिक दुकानों और झूलों वाले हिस्से में रौनक दिखाई देने लगी है। कई दुकानदार अपनी दुकानें सजाकर तैयार बैठे हैं।

खिलौने, कपड़े, घरेलू सामान, इलेक्ट्रॉनिक आइटम और खानपान की दुकानें लगभग पूरी तरह से सज चुकी हैं। दुकानदारों को उम्मीद है कि शुरुआती दिनों में ही अच्छी बिक्री शुरू हो जाएगी,

फांसी पर झूली विवाहिता, मौत

ग्वालियर, 24 दिसंबर। नव विवाहिता ने ससुरालीजनों की प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की। पुलिस ने मर्ग कायम करने के बाद जांच की तो मृतका के मायके पक्ष के आरोप सच साबित निकले। जांच में दोष सिद्ध पाए जाने पर मुरार थाना पुलिस ने मृतका के पति सहित सास-ससुर व अन्य के खिलाफ दहेज प्रताड़ना व आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला कायम कर लिया है। जीवाजी नगर ठाटीपुर में रहने वाले वीरेन्द्र सिंह राणा ने शालिनी राणा की शादी अनुराग राणा निवासी न्यू कॉलोनी घोसीपुरा मुरार से की थी।

सत्यनिष्ठा, जिम्मेदारी और देशभक्ति जैसे नैतिक मूल्यों की आज के बच्चों में सबसे ज्यादा जरूरत : अग्रवाल

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 24 दिसंबर। एमिटी विश्वविद्यालय ग्वालियर में प्रिंसिपल्स कॉन्क्लेव 2025-26 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकास कुमार अग्रवाल, क्षेत्रीय अधिकारी, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड भोपाल उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अग्रवाल ने कहा कि बच्चा अपना अधिकांश समय विद्यालय में बिताता है, इसलिए स्कूल का वातावरण घर जैसा सुरक्षित, संस्कारयुक्त और सकारात्मक होना चाहिए। सत्यनिष्ठा, जिम्मेदारी, देशभक्ति और कानून का पालन जैसे नैतिक मूल्य

बचपन से ही सिखाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।' साथ ही उन्होंने कहा कि 'माता-पिता और शिक्षकों के आचरण का ही अनुसरण बच्चे करते हैं, इसलिए बच्चों के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी हम सभी की है। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण भी होना चाहिए।

इंटरएक्टिव पॉडकास्ट में किया अतिथियों से सार्थक संवाद

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के साथ आयोजित इंटरएक्टिव पॉडकास्ट सत्र में ग्वालियर संभाग से आए 400 से अधिक विद्यालयों के प्राचार्यों, उप-प्राचार्यों एवं शिक्षाविदों ने शिक्षा से जुड़ी समसामयिक चुनौतियों, नेतृत्व विकास, छात्र कल्याण तथा अभिभावक विद्यालय समन्वय जैसे विषयों पर सार्थक संवाद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

शिक्षा विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम

स्वागत उद्बोधन में कुलपति डॉ. आर. एस. तोमर ने कहा कि विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता तभी बेहतर हो सकती है जब शिक्षक और प्रशासक नेतृत्व की भूमिका को जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ निभाएँ। उन्होंने कहा कि शिक्षा विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर प्रो चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. शर्मा, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहने का संदेश दिया और कहा कि, बच्चों का पूरा फोकस शिक्षा पर होना चाहिए, न कि भटकाने वाले साधनों पर। जैसे अर्जुन का ध्यान केवल मछली की आंख पर था, वैसे ही हमें भी अपने लक्ष्य को सदैव अपनी दृष्टि के सामने रखना चाहिए। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राचार्यों एवं शिक्षकों का सम्मान मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्वप्निल अग्रवाल, निदेशक (एडमिशन), एमिटी विश्वविद्यालय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का औपचारिक समापन हुआ तथा समूह छायाचित्र लिया गया। सभी शिक्षाविदों ने विश्वविद्यालय प्रबंधन को इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षा जगत को एक साझा मंच प्रदान करते हैं, जहाँ नवाचारों पर विचार-विमर्श कर शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा दी जा सकती है।

सातवें वेतनमान की मांग को लेकर कर्मचारियों ने किया सद्बुद्धि यज्ञ

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 24 दिसंबर। सातवें वेतनमान का लाभ नहीं दिए जाने से नाराज जीवाजी विश्वविद्यालय के स्थायी कर्मियों ने बुधवार को तय चरणबद्ध आंदोलन के तहत आधे घंटे कार्य का बहिष्कार किया। आंदोलन के तहत दोपहर 1.30 बजे बड़ी संख्या में कर्मचारी विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के बाहर एकत्रित हुए। कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया, जिसे गीतेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी पं. सन्नी शर्मा ने संपन्न कराया। यज्ञ के समापन के बाद दोपहर करीब 2 बजे कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य और कुलसचिव डॉ. राजीव मिश्रा कर्मचारियों के बीच पहुंचे। इस दौरान स्थायी कर्मी संघ के अध्यक्ष यतेंद्र शर्मा से विस्तार से चर्चा की गई। कुलगुरु और कुलसचिव ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि सातवें वेतनमान का लाभ शीघ्र दिया जाएगा। हालांकि कर्मचारियों ने मौखिक आश्वासन को स्वीकार करने से इंकार कर दिया। कर्मचारी संघ अध्यक्ष यतेंद्र शर्मा ने आंदोलन में शामिल कर्मचारियों से चर्चा के बाद स्पष्ट किया कि जब तक कुलसचिव की ओर से लिखित आश्वासन नहीं दिया जाएगा,

खुला मंच व्याख्यानमाला आयोजित

ग्वालियर, 24 दिसंबर। माधव महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा भारत रत्न अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर बुधवार को 'हमारे अटल:खुला मंच व्याख्यानमाला' का आयोजन किया गया।

नामांकन विज्ञप्ति/आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे.क्र. 22 वार्ड क्रमांक 61, स्थानः सिरोल पर स्थित है जो विक्रेता नीरज कुमार शर्मा/स्व. रामस्वरूप शर्मा, मनस्वी रीयलकॉन प्रा.लि. -धीरज प्रकाश अग्रवाल, अमरनाथ रीयलस्टेट -धीरज प्रकाश अग्रवाल, एच.जी. इफ्राटेक -धीरज प्रकाश अग्रवाल के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रमांक 9000107551 पर काबिज दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1205 वर्ग फुट है। उक्त संपति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए-1896272 दिनांक 01.09.2022 के द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 के अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपतिकर एवं अन्य उपकार की वसूली हेतु मेरे द्वार ऑनलाइन नामांकन आवेदन आज दिनांक-24.12.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन क्रमांक पी.टी. 35213 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भी अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जाएगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक: 24.12.2025

आवेदक नाम- विकास सिंह सिकरवार/रामदास सिंह सिकरवार उजवला सिकरवार/विकास सिंह सिकरवार

पता- प्लॉट न.वी-149, एच.जी.निर्वाना होम्स सिरोल-61

प्रथम पृष्ठ के शेष

अमित शाह देर रात आए ...

प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर जयप्रकाश राजौरिया व ग्रामीण प्रेम सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने केन्द्रीय गृह मंत्री का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त मनोज खत्री, पुलिस महानिरीक्षक अरविंद कुमार सक्सेना, कलेक्टर रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह एवं नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

ग्वालियर में आज होगी ...

'अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट में 2 लाख करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों के लिये भूमि आवंटन किया जायेगा। इसके साथ ही 10,000 करोड़ रूपये से अधिक की औद्योगिक परियोजनाओं का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया जाएगा। इससे प्रदेश में विकासात्मक गतिविधियों को और अधिक गति मिलेगी। अटलजी बिहा की जयंती पर आयोजित इस ग्रोथ समिट से प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होगा। 'निवेश से रोज़गार - अटल संकल्प, उज्ज्वल मध्यप्रदेश' की थीम पर आधारित इस समिट में विगत 2 वर्षों में प्रदेश में हुए औद्योगिक विस्तार, निवेश उपलब्धियों और रोज़गार सृजन के वास्तविक परिणामों को सबके साथ साझा किया जायेगा। इस समिट से आने वाले वर्षों में विकास की नई दिशा भी तय की जायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में स्थानीय लोगों के समग्र विकास के लिये उन्हें सीधे रोजगार और आजीविका से जोड़ने के लिये ग्रोथ समिट का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट से नए औद्योगिक क्षेत्र, क्लस्टर और प्लग-एंड-प्ले इकाइयों की शुरुआत से स्थानीय स्तर पर उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा मिलेगा। इससे युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर सृजित होंगे। समिट में भूमि-पूजन और लोकार्पण के साथ भूमि आवंटन और आशय-पत्र भी वितरित किये जायेंगे। इस अवसर पर रोज़गार उपलब्ध कराने वाली औद्योगिक इकाईयों की स्थापना एवं संचालन करने वाले निवेशकों को सम्मानित किया जाएगा। समिट में युवाओं से संवाद भी किया जाएगा। संभाग स्तर पर औद्योगिक भूमि आवंटन से जुड़ी महत्वपूर्ण घोषणाएँ भी की जाएँगी, जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद्, पीथमपुर जिला धार (म. प्र.)

Fax No-07292-253236, Email-cmopithampur@mpurban.gov.in

क्रमांक / 8112 / न. पा. / 25 पीथमपुर, दिनांक 22/12/2025

-: ई-निविदा आमंत्रण सूचना :-

नगर पालिका परिषद्, पीथमपुर द्वारा इच्छुक संस्था / फर्म / कम्पनी से निम्नांकित कार्य के ऑनलाईन (Online) ई - निविदा आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत निविदा सूचना जानकारी शासन की वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं :-

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2025_UAD_470532	HIRING OF ELECTRIC VEHICLES FOR MUNICIPAL COUNCIL PITHAMPUR FOR FINANCIAL YEAR 2026-27	12 माह 50.00 लाख	5000/- 37500/-	22.01.2026
2	2025_UAD_470533	स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 अन्तर्गत नगर के विभिन्न स्थानों पर वाल पेंटिंग कार्य	12 माह 39.00 लाख	5000/- 29250/-	22.01.2026
3	2025_UAD_470534	ABC नियम अनुसार शहर के आवरा श्वानों के ऑपरेशन एवं वैक्सीनेशन कार्य।	12 माह 30.00 लाख	5000/- 22500/-	22.01.2026

(श्रीमती सेवन्ती सुरेश पटेल) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पीथमपुर,जिला धार

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद पीथमपुर जिला धार

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.

Dy. General Manager (EAST) City Division, Roshanighar Campus, Gwalior (M.P.)

E-mail : dgmeast07@gmail.com

NIT No. DGM/EAST/GWL/2025-26/6226 Gwalior, Dated : 22.12.2025

NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)

MPMKVVCL hereby invites E-Tender for hiring the below mentioned type of vehicles in the following locations :-

Name of Unit/Office	Particulars	Tender Fee (In. Rs.)	Date of Opening of Bids Online
Office of The Morar Zone Under DGM (City Div. East), Gwalior (M.P.)	Type-F5, Mini Pickup- Double cabin with ladder/any Low-End SUV half open from backside for carriage of man materials ladder, etc or equivalent. (For three Shift & FOC work Year-2025)	500/- + GST @ 18% Extra	31.12.2025 at 15:00 Hrs.

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/123651/2025 **DGM (EAST) DIVISION GWALIOR**

मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड **मांग सूचना**

कॉर्पोरेट कार्यालयः मोतीलाल ओसवाल टावर, रहीमतुल्लाह सयानी रोड, एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025। ईमेलः hfquery@motilaloaswal.com

CIN No.: U65923MH2013PLC248741

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के प्रावधानों के अंतर्गत

अधोहस्ताक्षरी, अधिनियम के अंतर्गत मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (MOHFL) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, तथा अधिनियम की धारा 13(12) के साथ नियम 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना जारी करते हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकताओं से उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित सूचना में उल्लिखित राशि चुकाने का अनुरोध किया गया है। अधोहस्ताक्षरी का यह उचित विश्वास है कि उधारकर्ता/उधारकर्ता मांग सूचना की तामील से बच रहे हैं, इसलिए नियमों के अनुसार सूचना की तामील चिपकाकर और प्रकाशित करके की जा रही है। मांग नोटिस की विषय-वस्तु नीचे उद्धृत है:

स. क्र.	ऋण अनुबंध संख्या/ऋणी/सह-ऋणी/ सह-आवेदक का नाम, गारंटर का नाम	मांग नोटिस की तिथि और बकाया	अचल संपत्ति का विवरण
1.	LXGWA00218-190071725 और LXMOHOF121-220602376 उधारकर्ताः अजय वीरेंद्र पचौरी सह-आवेदकः रागिनी	12-12-2025 / रु. 7,92,565/- (सात लाख बानवे हजार पॉच सौ पैंसठ मात्र)	नगर निगम भवन क्र. 14/1426, वार्ड क्र. 14, पंजनिया नंबर 191, बुक नं.2822, माप 136.63 वर्गमीटर, रामतपुरा नं. 2, ग्वालियर, म.प्र. सीमाएँ: पूर्वः संपत्ति चरणा खाची, पश्चिमः आम रास्ता, उत्तरः प्लॉट जगदीश, दक्षिणः शेष भवन भाग विक्रेता।

उधारकताओं को सलाह दी जाती है कि वे मांग सूचना का अनुपालन करें और इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर उसमें और ऊपर उल्लिखित मांग राशि का भुगतान लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत और व्यय सहित भुगतान की प्राप्ति की तिथि तक करें। उधारकर्ता ध्यान दें कि MOHFL एक सुरक्षित ऋणदाता है और उधारकताओं द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा उधारकताओं द्वारा गिरवी रखी गई अचल संपत्ति/संपत्तियों के विरुद्ध एक सुरक्षित ऋण है। यदि उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर अपनी देनदारियों का पूर्ण रूप से भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो MOHFL अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सुरक्षित संपत्ति(संपत्तियों) पर कब्जा लेने के सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार होगा, जिसमें बिक्री के माध्यम से या अधिनियम और उसके तहत नियमों के तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय का उपयोग करके उसे हस्तांतरित करना और भुगतान प्राप्त करना शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है। MOHFL को बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले सुरक्षित संपत्ति(यों) को कुर्क और/या सील करने का भी अधिकार है। सुरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री के बाद, MOHFL को बकाया राशि की वसूली के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है, यदि गिरवी रखी गई संपत्तियों का मूल्य MOHFL को देय बकाया राशि को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है। यह उपाय किसी भी अन्य कानून के तहत MOHFL को उपलब्ध सभी अन्य उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है। ऋणकर्ता(कों) का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय और धारा 13(13) की ओर भी ध्यान दिलाया जाता है, जिसके तहत ऋणकर्ता(कों) को MOHFL की पूर्व लिखित सहमति के बिना सुरक्षित परिसंपत्तियों का निपटान या लेन-देन करने या बिक्री, पट्टे या अन्यथा (व्यावसायिक गतिविधियों के अलावा) किसी भी सुरक्षित परिसंपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित/निषिद्ध किया जाता है और उपरोक्त का पालन न करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है। मांग नोटिस की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है और ऋणकर्ता(कों) यदि चाहें तो इसे अधोहस्ताक्षरी से किसी भी कार्यदिवस में सामान्य कार्यालय समय के दौरान प्राप्त कर सकते हैं।

स्थानः मध्य प्रदेश दिनांकः 25.12.2025 अनुवाद में त्रुटिया विसंगति होने पर अंग्रजी संस्करण मान्य होगा एसडी/-, प्राधिकृत अधिकारी मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड

चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

Chola Enter a better life

कॉर्पोरेट कार्यालयः चोला क्रेस्ट, सुपर बी, सी54 और सी55, 4, थिरु वी का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिण्डी, चेन्नई-600032 टी.एन.

मांग नोटिस

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के प्रावधानों के तहत

अधोहस्ताक्षरी, अधिनियम के अंतर्गत चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (प्रतिभूत ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और अधिनियम की धारा 13(12) के साथ नियम 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना जारी करते हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) से उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित सूचना(ओं) में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। अधोहस्ताक्षरी का यह मानना है कि उधारकर्ता/उधारकर्ता मांग सूचना/सूचनाओं की तामील से बच रहे हैं, इसलिए नियमों के अनुसार चिपकाए जाने और प्रकाशित किए जाने से सूचना की तामील प्रभावित हो रही है। मांग सूचना/सूचनाओं की विषय-वस्तु नीचे उद्धृत है:-

स. क्र.	उधारकर्ता/ओं और सह-उधारकर्ता/ओं का नाम और पता	ऋण राशि	मांग नोटिस की तिथि एवं ओ/एस. राशि	संपत्ति / सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण
1.	ऋण खाता. सं.(एस). : LAP3SPI000117859 1. श्रीमान/श्रीमती जावेद खान 2. श्रीमान/श्रीमती शेख खान 3. श्रीमान/श्रीमती जमाल उद्दीन 4. श्रीमान/श्रीमती मुदस्सिर बेगम क्रम संख्या 1, 2, 3 और 4 के लिए पताः- स्कूल के पिचे, वार्ड नंबर 6 हम्माल मोहल्ला चबनी शिवपुरी, चबनी स्कूल के दर्रा, शिवपुरी, म.प्र. - 473551 क्रमांक 1, 2, 3 और के लिए पताः म.नं. 633, वार्ड नंबर 05 एवं न्यू 06, हम्माल मोहल्ला, शिवपुरी, शिवपुरी, शिवपुरी, मप्र, 473551	रु. 17,00,000/-	16.12.2025 रु. 20,14,051/- (बीस लाख चौदह हजार इक्यावन मात्र) दिनांक 16.12.2025 तक	पता साइट के अनुसार-/मकान नंबर 633 वार्ड नंबर 05 एवं नया 06, हम्माल मोहल्ला शिवपुरी शिवपुरी शिवपुरी 473551 एमपी दस्तावेज के अनुसार पता-वार्ड क्रमांक 05 हम्माल मोहोल्ला, शिवपुरी, पाटोर नं.633, छावनी स्कूल के पीछे, 633, शिवपुरी, मध्य प्रदेश लैंडमार्क-कस्टम गेट के पास, निकटतम चोल शाखा, शिवपुरी, निकटतम चोल शाखा से दूरी-2 सीमाएं-दिशाएं-योजना/कार्य/लेआउट के अनुसारपूर्व-पनाह मोहम्मद का घर, पाटोर बाबू खान, पतोर जाफरी बकील, पश्चिम-गली खर्जद्वार, दक्षिण-गली फरशदार, उत्तर- पटोर शोकत अली, वास्तविक स्थल के अनुसार, पूर्व-अनबर जाफरी का घर, पश्चिम- रोड 8 फिट, दक्षिण -सड़क 5 फि ट, उत्तर-हसीन का प्लॉट कुल माप 930 वर्ग।86.39 वर्ग मीटर

उधारकर्ता(कों) को सलाह दी जाती है कि वे मांग सूचना(ओं) का अनुपालन करें और इसमें उल्लिखित मांग राशि और इसके साथ ही इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान की प्राप्ति की तिथि तक लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत और व्यय का भुगतान करें। उधारकर्ता(कों) को ध्यान देना चाहिए कि चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड एक सुरक्षित लेनदार है और उधारकर्ता(कों) द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा, उधारकर्ता(कों) द्वारा गिरवी रखी गई सुरक्षित संपत्ति(यों) के विरुद्ध एक सुरक्षित ऋण है। यदि उधारकर्ता(कों) निर्धारित समय के भीतर अपनी देनदारियों का पूर्ण रूप से भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो सुरक्षित लेनदार, अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सुरक्षित संपत्तियों का कब्जा लेने के सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार होगा, जिसमें बिक्री के माध्यम से उन्हें स्थानांतरित करना शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है। या अधिनियम और उसके तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय का आह्वान करके और भुगतान प्राप्त करने का भी अधिकार होगा। सुरक्षित लेनदार को बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले सुरक्षित परिसंपत्तियों को अटैच और/या सील करने का भी अधिकार है। सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री के बाद, सुरक्षित लेनदार को शेष बकाया राशि की वसूली के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है, यदि गिरवी रखी गई संपत्तियों का मूल्य सुरक्षित लेनदार को देय बकाया राशि को कवर करने के लिए अपर्याप्त है। यह उपाय किसी अन्य कानून के तहत सुरक्षित लेनदार को उपलब्ध सभी अन्य उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है।

उधारकर्ता(कों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13(8) और अधिनियम की धारा 13(13) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके तहत उधारकर्ता(कों) को सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सुरक्षित परिसंपत्तियों का निपटान या लेनदेन करने या बिक्री, पट्टे या अन्यथा (व्यावसायिक गतिविधि के अलावा) किसी भी सुरक्षित परिसंपत्ति को स्थानांतरित करने से रोका/निषिद्ध किया जाता है और उपरोक्त का अनुपालन न करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है। मांग सूचना की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है और उधारकर्ता, यदि चाहें तो, सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से इसे प्राप्त कर सकते हैं।

स्थानः शिवपुरी, मध्य प्रदेश दिनांकः 16.12.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के लिए

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95